पंजाब केसरी 22/02/2026

महिला शिक्षकों के लिए आयोजित बैडमिंटन मैच में डा. ज्योति प्रथम

अम्बाला छावनी, 21 फरवरी (पंकेस): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट के प्रांगण में महिला शिक्षण स्टाफ के लिए एक उत्साहपूर्ण बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

यह प्रतियोगिता पी.सी. जोशी मैमोरियल ऑडिटोरियम में संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न विभागों की 11 शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सह-प्राध्यापक डा. एस.एस. नैन द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने शैक्षणिक दायित्वों के साथ-साथ शारीरिक फिटनैस और मानसिक स्फूर्ति के महत्व पर बल देते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर ही प्रभावी कार्यक्षमता का आधार है। प्रतियोगिता के दौरान अम्पायर की जिम्मेदारी डा. सुरजीत ने निभाई। प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

प्रतियोगिता में डा. ज्योति ने प्रथम, हर्षिता लाम्बा द्वितीय व यशवी शर्मा ने तृतीय स्थान अर्जित किया तथा महक तलवार चतुर्थ स्थान पर रहीं।

कॉलेज में राजनीतिक विज्ञान में सह-प्राध्यापक डा. एस.एस. नैन ने विजेताओं एवं सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि स्टाफ सदस्यों के मध्य आपसी समन्वय, सहयोग और टीम भावना को भी सशक्त बनाते हैं।

शारीरिक शिक्षा विभाग ने आयोजन की सफलता के लिए सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में विजेता रहे प्रतिभागी व साथ में उपस्थित अन्य। (चंदमोहन)